
शनिवार
16 अप्रैल 2022



पृष्ठ 4
**कहीं आप भी तो नहीं करते मोबाइल चार्ज करते समय ये गलतियां**



पृष्ठ 5
**जेनेलिया को लेकर फिल्म बनाएंगे आमिर खान!**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 77
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

लगन और योग्यता एक साथ मिलें तो निश्चय ही एक अद्वितीय रचना का जन्म होता है।
– मुक्ता

# स्वास्थ्य सेवाओं में उत्तराखंड दूसरे स्थान पर

विशेष संवाददाता

देहरादून। भले ही उत्तराखंड राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं पर अनेक सवाल उठाए जाते रहे हो लेकिन सरकारी मानकों के अनुसार राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर से भी बेहतर है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ आज हुई सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक में उत्तराखंड राज्य स्वास्थ्य सेवाओं की रैंकिंग में दूसरे नंबर पर रहा है। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने आज इसे राज्य की एक और बड़ी उपलब्धि बताते हुए इस पर खुशी जताई है।

स्वास्थ्य सेवाओं की राज्यवार रैंकिंग के लिए कई कैटेगरी बनाई गई थी जिसमें पांच करोड़ से कम आबादी वाले राज्यों में उत्तराखंड को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है, वहीं छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान दिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा आज देश के सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ की गई बैठक में धन सिंह रावत ने भी भाग लिया।

इस आशय की जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य बनने के बाद राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में अमूलचूल सुधार आया है। उन्होंने कहा कि आज राज्य में 1131 स्वास्थ्य केंद्र और 3434 हेल्थ वैलनेस सेंट्रल काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने टीबी मुक्त राज्य बनने का बड़ा काम किया है। राज्य बनने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं के साथ, स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है, योगा और व्यायाम के लाभ के बारे में लोग जागरूक हुए हैं।



## ●स्वास्थ्य मंत्री ने किया राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का दावा

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण दुर्गम स्थानों पर स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना एक चुनौतीपूर्ण काम रहा है लेकिन नेशनल हेल्थ मिशन के जरिए राज्य को जो सहायता मिली है उससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आया है। वही कोरोना काल में जरूरतों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं में विकास हुआ है। नए मेडिकल कॉलेज और एम्स राज्य में बने हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य हिमाचल और जम्मू कश्मीर जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए उत्तराखंड को दूसरा स्थान मिलना एक बड़ी उपलब्धि है।

## 18 से पांच दिवसीय स्वास्थ्य मेले का होगा शुभाराम्भः रावत

देहरादून। स्वास्थ्य मंत्री धनसिंह रावत ने बताया कि 18 अप्रैल से राज्य में आयोजित होने वाले विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का शुभाराम्भ किया जायेगा। यह स्वास्थ्य मेला प्रत्येक विकासखण्डों पर 22 अप्रैल के मध्य आयोजित किया जायेगे। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को हैल्थ एवं वैलनेस सेन्टरों पर आजादी का अमृत महोत्सव के बैनर तले 'योग एवं आरोग्य सत्रों' का आयोजन किया जायेगा जिसमें आमजन के स्वास्थ्य को अरोग्य बनाए रखने के लिए योग का महत्व बताया जायेगा।

# 20 लाख के चोरी के सामान के साथ गैगेस्टर में वांछित चोर गिरफ्तार

संवाददाता



देहरादून। पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए बीस लाख के चोरी के सामान के साथ गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे चोर को गिरफ्तार किया, उसके दो साथियों को पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसपी क्राईम विशाखा अशोक भरडे ने बताया कि राजपुर थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करने के लिए एसएसपी देहरादून द्वारा जरूरी दिशा निर्देश दिये गये थे। अक्टूबर माह में थाना राजपुर पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त दो चोरों नासिर अली पुत्र अनवर निवासी आजाद कालोनी माजरा तथा नासिर पुत्र कमरुद्दीन नि० शाहपुर थाना बेहट सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में घटना में संलिप्त एक अन्य चोर एहसान पुत्र इस्लाम नि० शाहपुर थाना बेहट जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश का नाम प्रकाश में आया जो अभियोग में वांछित चल रहा था। गत दिवस थाना राजपुर पुलिस द्वारा चोरी के मामले में वांछित चल रहे शातिर चोर एहसान पुत्र इस्लाम निवासी शाहपुर थाना बेहट जनपद सहारनपुर को कस्बा कलसिया थाना बेहट जनपद सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से जनपद देहरादून के विभिन्न थानो में चोरी के 5 मामलों से सम्बन्धित लगभग 20 लाख रूपये का माल बरामद किया गया । एहसान डालनवाला थाने से गैंगस्टर एक्ट में भी वाँछित चल रहा है।

पूछताछ में एहसान द्वारा बताया गया कि निसार अली, नासिर और मेरे द्वारा जनपद देहरादून में विभिन्न स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। हम तीनों का एक गैंग है, जिसका सरगना नासिर पुत्र कमरुद्दीन है तथा उन्होंने उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड में दो दर्जन से अधिक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है।

# युवकों ने कुत्ते को स्कूटी से बांधकर पूरे गांव में घसीटा, मौत


जयपुर। राजस्थान के अजमेर में कुत्ते के साथ क्रूरता किए जाने का एक मामला सामने आया है, इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तीन युवक एक निरीह कुत्ते को स्कूटी से बाँधकर घसीटते नज़र आ रहे हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को अरेस्ट कर लिया गया है। वीडियो में नज़र आ रहा है कि एक स्कूटर पर तीन युवक बैठे हुए हैं और तार के सहारे एक कुत्ते को स्कूटी से बाँधकर पूरे गाँव में घसीट रहे हैं। वहीं, इस बर्बरता को देखकर लोग हँस रहे हैं और कोई भी उन्हें रोकने की जहमत नहीं उठा रहा है। इस तरह घसीटे जाने के बाद कुत्ते की तड़प–तड़पकर मौत हो गई है। वीडियो में सुना जा सकता है कि कोई कह रहा है कि, इसरार ने कुत्ते को मारा है। गेगल थाना अधिकारी नंदू सिंह ने जानकारी दी है कि वायरल वीडियो गुड्डा गाँव का है। इस मामले में इसरार अली, कालू और स्कूटी मालिक सोहेल उर्फ शाहिल खान के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और शांति भंग करने को लेकर प्राथमिकी की गई और बाद में तीनों को अरेस्ट कर लिया गया।



# देश में पिछले 24 घंटे में आए महामारी के 975 नए केस

नई दिल्ली । देश में लगातार कम हो रहे कोरोना महामारी के मामलों की खबर राहत देने वाली है। हालंकि कल के मुकाबले आज २६ केस ज्यादा दर्ज किए गए हैं। पिछले राष्ट्रीय स्तर पर कोविड के नए मामलों में हो रही गिरावट के चलते देश में अब उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर ११ हजार ३६६ रह गई है। कोरोना से रिकवर करने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी जारी है। देश में पिछले २४ घंटे में ६७५ केस दर्ज हुए हैं जिसके बाद संक्रमण के कुल मरीजों की संख्या ४,३०,४०,६४७ हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के ६७५ नए मामले सामने आए हैं। वहीं, चार और संक्रमितों की मौत से महामारी से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर ५,२१,७४७ पर पहुंच गई है। वहीं पिछले २४ घंटे में ७६६ लोग महामारी से ठीक हुई है जिसके बाद अब तक ठीक होने वालों की कुल संख्या ४,२५,०७,८३४ हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर ०.३२ प्रतिशत और साप्ताहिक दर ०.२६ प्रतिशत है।



आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड–१६ के उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का ०.०३ प्रतिशत है, जबकि महामारी से स्वस्थ होने वालों की राष्ट्रीय दर ६८.७६ प्रतिशत है। आंकड़ों के मुताबिक देश में पिछले २४ घंटे में तीन लाख ६१८ कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल ८३ करोड़ १४ लाख ७८ हजार २८८ कोविड परीक्षण किए जा चुके हैं। वहीं देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत १८६.३८ करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं।

वही दूसरी ओर विश्व में कोविड के मामले बढ़कर ५०.३५ करोड़ हो गए हैं। वहीं मृतकों की संख्या करीब ६१.६ लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सिस्टम साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसएसई) ने शनिवार सुबह नए अपडेट में बताया कि वर्तमान वैश्विक मामलों, और कोविड से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर क्रमशरू ५०३,५०३,६५१, और ६,१६५,५१५ हो गई है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# चिंताजनक स्थिति में पहुंची महंगाई

देश में बढ़ती महंगाई अब चिंता का विषय बनती जा रही है। पिछले तीन महीनों से लगातार बढ़ रही महंगाई ने अब सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और वह सारे अनुमानों को गलत साबित करते हुए 8-9 फीसदी से भी ऊपर निकल चुकी है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अब केंद्रीय बैंकों को अपनी मौद्रिक नीति की प्राथमिकताओं की बजाय मुद्रा स्थिति प्रबंधन पर ध्यान देने की जरूरत है। खुदरा महंगाई की दर में इस अत्याशित वृद्धि का सबसे अधिक प्रभाव उस गरीब तबके पर पड़ रहा है जिनकी आय के संसाधन सीमित हैं। दूसरी खास बात यह है कि शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर अधिक बढ़ी है जहां मजदूर और किसानों की संख्या अधिक है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर सबसे ज्यादा प्रभाव तेल की कीमतों का पड़ रहा है। इसका कारण भले ही रूस-यूक्रेन युद्ध को बताया जा रहा हो या अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हुई रिकॉर्ड वृद्धि, कुल मिलाकर बढ़ती महंगाई द्वारा सभी के जीवन को प्रभावित किया गया है। देश के अधिकांश शहरों में पेट्रोल सौ के पार आ चुका है वहीं डीजल भी सौ के आसपास ही है। जिसके दाम 125 व 120 के आस-पास तक पहुंचने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। सीधे तौर पर कहे तो पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 15 से 20 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है जो अत्यधिक से भी अधिक है। इसका सीधा असर परिवहन, उद्योग और कृषि क्षेत्र पर पड़ रहा है। एक अनुमान के मुताबिक अब सामान्य वर्ग के परिवार पर इस महंगाई का प्रभाव 5 से 7 हजार रुपए प्रतिमाह तक पड़ रहा है। घर का खर्च बढ़ने से उनकी बचत कम हो रही है वही निम्न आय वर्ग के लोगों को अब जीवन यापन के लिए सस्ते उत्पादों से काम चलाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। अभी जिन पांच राज्यों में चुनाव हुए हैं उन चुनावों में तमाम गैर भाजपाई राजनीतिक दलों द्वारा इस बढ़ती महंगाई के मुद्दे को उछाला गया था लेकिन आम जनता ने इसे कोई खास तवज्जो नहीं दी अब आम जनता में अगर किसी मुद्दे की चर्चा है तो वह सिर्फ बढ़ती महंगाई ही है। बात अगर उत्तराखंड की की जाए तो अन्य मैदानी राज्यों की तुलना में यहां महंगाई सबसे ज्यादा है। जिसका कारण है खाद्य वस्तुओं का अन्य राज्यों से आयात होना। माल भाड़ा बढ़ने के कारण पहाड़ पर खाद्य वस्तुओं की कीमतों का अपेक्षाकृत अधिक होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि जहां परिवहन किराया और भाड़ा बढ़ता जा रहा है वही होटल किराए और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 20 से 25 फीसदी की वृद्धि हो चुकी है। सत्ता में बैठे लोग भले ही इस समस्या को सुनने और इस पर चर्चा करने से इंकार कर रहे हो लेकिन इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। बढ़ती महंगाई को सहने की क्षमता जब समाप्त हो जाती है तो फिर स्थिति श्रीलंका जैसी ही होती है जहां लोग सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। सरकार को चाहिए कि वह इस तरफ ध्यान दें और हालात को बेकाबू न होने दें।

# छात्र का लैपटाप चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दस मिनट में लैपटाप चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यश चौधरी पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी बिजनौर ने थाना प्रेमनगर में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह देवभूमि उत्तराखण्ड यूनिवर्सिटी नौगांव माण्डूवाला में बीएससी एग्रीकल्चर की तृतीय वर्ष का छात्र है। वह टावर वाली गली सुद्दोवाला थाना प्रेमनगर हास्टल किराये में रहता है। 30 मार्च को वह समय लगभग साढे बारह बजे वह कपडे सुखाने के लिए गया था जहाँ पर वह मोबाइल फोन पर बात करते हुए उसे कुछ देर हो गई करीब 10 से 15 मीनट बाद जब में नीचे वापस अपने कमरे में आया तो टेबल पर रखा मेरा लैपटाप सिलवर रंग का वहाँ पर नही था। कमरे में काफी तलाश किया पर नही मिला यह घटना समय सवा एक बजे दिन के समय की है।

इस संबंध में उसने अपने दोस्तो से भी पूछताछ की संभवत: कोई दोस्त काम के लिए ले गया हो सभी जगह पुछताछ करने पर भी लैपटाप का कुछ पता नही चला है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# प्रदेश के प्रत्येक परिवार तक स्वास्थ्य सुविधाओं का पहुंचेगा लाभः डॉ. धन सिंह रावत

कार्यालय संवाददाता




देहरादून। शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा स्वास्थ्य महानिदेशालय स्थित परिचर्चा सभागार में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, उत्तराखंड द्वारा स्वास्थ्य मेला एवं आयुष्मान भारत की चौथी वर्षगांठ के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया गया कि आम जनमानस एवं उनके घर के समीप स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार के सहयोग से आयुष्मान भारत– हैल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टर के नाम से एक महत्वपूर्ण योजना को संचालित किया जा रहा है।

स्वास्थ मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा की दिनांक १७ अप्रैल २०२२ को इन केन्द्रों पर आजादी का अमृत महोत्सव के बैनर तले श्योग एवं आरोग्य सत्रों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें आमजन के स्वास्थ्य को आरोग्य बनाए रखने के लिए योग का महत्व बताया जायेगा, तथा दिनांक १८ अप्रैल २०२२ को राज्य में आयोजित होने वाले विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ किया जायेगा, यह स्वास्थ्य मेला प्रत्येक विकासखण्डों पर १८ से २२ अप्रैल २०२२ के मध्य आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने बताया राज्य के सभी ९५ विकासखण्डों पर एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन १८–२२ अप्रैल २०२२ में हो रहा है। उक्त के अतिरिक्त राज्य के ०७ नगर निगमों / ११ नगर पालिका परिसरों में भी एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जायेगा। स्वास्थ्य मेलों के सफल आयोजन के लिए प्रत्येक जनपद के डी०एम० तथा सी०एम०ओ० को उत्तरदायी बनाया गया है।

स्वास्थ मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य में १४६४ हैल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टर संचालित किए जा रहे है, जिसमें से १०३१ उपकेन्द्र, ३८ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ३९५ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर हैल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टर संचालित हो रहे हैं। विगत वर्षों में स्वास्थ्य उपकेन्द्रों पर केवल ए०एन०एम० तैनात रहती थी, जो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा टीकाकरण की सेवाएं देती थी। उन्होंने बताया उपकेन्द्रों को हैल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टर के रूप में उच्चीकृत करने के उपरान्त यहां पर प्रशिक्षित मिड लेवल हैल्थ प्रोवाईडर को तैनात किया गया है, जिसके द्वारा गर्भाशय, स्तन एवं मुंह के कैंसर की स्क्रीनिंग, उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच तथा अन्य गैर संचारी रोगों से बचाव के बारे में परामर्श दिया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रसव पूर्व प्रसव पश्चात्, टीकाकरण तथा परिवार नियोजन सेवाएं भी दी जा रही हैं। ढ़द हैल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टरों पर योग शारीरिक व्यायाम, पोषण एवं स्वच्छ खानपान के बारे में जागरूकता तथा परामर्श भी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा इस मौके पर हैल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टरों पर टेलीकंसलटेशन की सुविधा प्रदान कराने का कार्य आरम्भ होगा तथा ई–संजीवनी पोर्टल के माध्यम से टेलीकंसलटेशन की व्यवस्था को देखा जायेगा।

स्वास्थ मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा की स्वास्थ्य मेले में संबंधित क्षेत्र के सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य जन प्रतिनिधियों की सहभागिता प्राप्त कर उनके माध्यम से शुभारम्भ एवं प्रतिभागिता सुनिश्चित करायी जायेगी, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में मा० जन प्रतिनिधियों द्वारा जनता के साथ स्वास्थ्य संवाद स्थापित हो सके। जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में ब्लॉक स्तर पर ८–१० सदस्यों की एक समिति गठित की गयी है, जो मेले के संचालन हेतु पूर्ण रूप से उत्तरदायी है।

स्वास्थ मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने स्वास्थ्य मेले की प्राथमिकताओं को गिनाते हुए बताया कि प्रत्येक नागरिक की डिजीटल हेल्थ आईडी बनायी जायेगी, जिसमें उस व्यक्ति की गैर संचारी रोगों की स्क्रिनिंग उपरान्त विवरण सुरक्षित रहेगा। पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। टेली कंसलटेशन के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श दिया जायेगा तथा रैफरल की सुविधा प्रदान कर आवश्यकीय उपचार भी उपलब्ध होगा। योग एवं ध्यान के माध्यम से स्वास्थ्य को आरोग्य बनाए रखने के बारे में परामर्श तथा जागरूकता प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मेले को प्रभावी तथा जन उपयोगी बनाए जाने के लिए विभिन्न विभागों को प्रतिभाग करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान स्वास्थ्य सचिव पंकज पांडे , महानिदेशक तृप्ति बहुगुणा , डॉ. शैलजा भट्ट एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

शुक्रं ते अन्यद्यजतं ते अन्यद्विषुरूपे अहनी द्यौरिवासि।
विश्वा हि माया अवसि स्वधावन्भद्रा ते पूषन्निह रातिरस्तु।।
(ऋग्वेद ६–५८–१)

हे परमात्मा परमेश्वर ! आप हमें सभी प्रकार से पोषण देने वाले हो। आप जीवनरस और मोक्षरस दोनों को देने वाले हो। आपने रात और दिन की तरह इस संसार और मोक्ष दोनों की रचना की है। आप ने मनुष्य को इस लौकिक संसार में साधन दिए हैं कि मनुष्य मोक्ष को प्राप्त कर सके। हम आप की उपासना करते हैं कि सभी को प्रसन्नता और परम आनंद प्राप्त कराओ।

O Pusha(God) ! You are the giver of nourishment to us. You have created the Sansar (world) and Moksha (salvation) like night and day. You are the giver of light of wisdom. In this world, you have given means to attain the Moksha. We pray to you to give happiness and bliss to the people. (Rig Veda 6-58-1)

# हरिद्वार में धूमधाम से मनायी गयी हनुमान जयंती

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। हरिद्वार में कृषि उत्पादन मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष संजय चोपडा संयोजन से धूमधाम से हनुमान जयंती मनायी गयी।

आज यहां श्री हनुमान जयंती के अवसर पर धर्मनगरी हरिद्वार में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती। पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष संजय चोपड़ा के संयोजन में अलकनंदा घाट पर हनुमान मूर्ति की विशेष पूजा अर्चना के साथ दूध – दही, शहद, शक्कर, घी पंचामृत व गंगा जल से अभिषेक कर हनुमान चालीसा का पाठ कर हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर उत्तराखंड वासियों को हनुमान जयंती की बधाई देते हुए पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा शक्ति, साहस और संयम का प्रतीक भगवान हनुमान जी की जयंती के पर्व पर सभी देशवासियों को अनेको शुभकामनाएं, पवनपुत्र की कृपा से हर किसी का जीवन बल, बुद्धि और विद्या से सदा परिपूर्ण रहे। उन्होंने यह भी कहा हनुमान जी की कृपा से भारतवर्ष में अमन–चैन, भाईचारा कायम रहे और कोरोना जैसी वैश्विक महामारी दोबारा ना आये। हनुमान जयंती के अवसर पर विशेज़ पूजा अर्चना पंचामृत से अभिषेक करते प्रभात चौधरी, वीरेंद्र कुमार, अशोक शर्मा, मनोज मंडल, पंडित मनीज़ शर्मा, ओमप्रकाश भाटिया, मोहनलाल, साधु शरण, पंडित सचिन राजपूत, जय सिंह बिष्ट, कामिनी मिश्रा, पुष्पा दास, मंजू पाल, सुमन चौहान आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



# ऋतु खंडूडी ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट



संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तराखण्ड की प्रथम महिला विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की।

आज यहां उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ऋतु खंडूडी को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद बताया कि यह उनकी उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के बाद केंद्रीय नेतृत्व का आभार हेतु एक शिष्टाचार भेंट थी। इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उत्तराखंड राज्य एवं विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार के विकास कार्यों को लेकर विभिन्न विषयों पर वार्ता हुई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान सदन संचालन एवं विधायी कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर भी राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस मुलाकात के दौरान जेपी नड्डा ने भी विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखंड में विधानसभा अध्यक्ष जैसे गरिमामय पद पर प्रथम महिला के रुप में ऋतु खंडूडी बखूबी अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर एक आदर्श स्थापित करेंगी।

# भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शनों व टेबलेट सहित तीन गिरफ्तार




हमारे संवाददाता

हरिद्वार। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को कल देर शाम खासी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तीन नशा तस्करों को दबोच कर उनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबन्धित नशीले इंजेक्शन व टैबलेट बरामद किये गये है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना कनखल पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को गार्डो वाली तिराहे पर तीन संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से 15 नशीले इंजेक्शन, 639 टेबलेट अल्प्राजोलम, 20 कैप्सूल ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड और 160 कैप्सूल पईवीवन प्लस डाइक्लोविन के बरामद किये। पूछताछ में उन्होने अपना नाम आदिल पुत्र शमशाद निवासी पांवधोई थाना ज्वालापुर, सचिन प्रजापति पुत्र रामचरण निवासी शेखुपुरा कनखल व मयंक बिड़ला पुत्र नत्थू बिड़ला निवासी बाल्मीकि बस्ती कुमारगड़ा कनखल बताया। पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हे न्यायालय में पेश कर दिया है।

# कांग्रेसियों ने जोशी के आवास पर प्रदर्शन कर पुतला फूंका

संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी पर कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी व राहुल गांधी पर अशोभनीय टिप्पणी का आरोप लगाते हुए महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गणेश जोशी के आवास का घेराव कर प्रदर्शन कर पुतला फूंका।

आज यहां महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा के नेतृत्व में महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं नें गणेष जोशी द्वारा कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी पर की गयी अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के कैंट रोड़ स्थित उनके आवास का घेराव कर प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। उन्होनें कहा भाजपा के कैबिनेट मंत्री द्वारा कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांध ी एवं राहुल गांधी पर की गई अभद्र टिप्पणी अत्यंत निंदनीय है। उन्होनें कहा देश की सेवा तथा भारतीय राजनीति में नेहरू-गांधी परिवार का लम्बा इतिहास है। स्व० श्रीमती इन्दिरा गांधी, स्व० राजीव गांधी ने देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान तक दे दिया। कांग्रेस पार्टी एवं देश के लिए सोनिया गांधी का समर्पण अनुकरणीय है। उनके परिवार ने देश की आजादी से लेकर आज तक हमेशा आगे बढकर देश के लिए अपनी सर्वोच्च कुर्बानी दी है। श्रीमती सोनिया




गांधी एवं राहुल गांधी ने देश सेवा के लिए अपने को समर्पित किया है। उन्होनें कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा की गयी अभद्र टिप्पणी को सम्पूर्ण महिला जाति का अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कैबिनेट मंत्री अकेले नेता नहीं हैं जिन्होंने महिला जाति का अपमान किया है, इससे पहले भी भारतीय जनता पार्टी के नेता मातृशक्ति का लगातार अपमान करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा मुख्यालय में अपने ही दल की एक महिला कार्यकर्ता के शारीरिक शोषण के आरोपों में घिरे भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) पर महिला द्वारा स्वयं ही यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये गये इस घटना के प्रकाश में आने के बाद भाजपा के देहरादून महानगर अध्यक्ष के बयानों ने राजनीति कर रही हर महिला पर प्रश्न चिन्ह लगाने का काम किया है। श्रीमती गोदावरी थापली नें कहा कि भाजपा नेताओं एवं पदाधिकारियों ने सदैव अपने शर्मनाक कामों एवं बयानों से समाज में राजनीति कर रही महिलाओं की छवि को धूमिल करने का काम किया है। राष्ट्रीय सह संयोजक शिव प्रकाश पर पश्चिम बंगाल की महिला द्वारा बलात्कार का आरोप हो चाहे देवभूमि उत्तराखण्ड में महामंत्री संगठन संजय कुमार का प्रकरण हो, सभी शर्मशार एवं झकझोर देने वाले है। इस दौरान गोविंद पुंडिर, दीप बोहरा, सागर लामा, सुरेन्द्र रावत, पवन खरोला, अनुप कपूर, दीप बोहरा, अनिल बस्नेत, राजीव थापा, सतीश पंत, पुनित सिह, सुनिल बांगा, प्रियांश छाबड़ा, अनुप कपूर, विकास राज, कपिल, कविता, नितू, रत्ना नेगी, मधु थापा गीता, अभिनव, सूरज थापा, विजय शाही आदी मौजूद थे।

## कार की टक्कर से युवक घायल

संवाददाता

देहरादून। कार की टक्कर से पैदल जा रहा युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार लढौर मसूरी निवासी जयेन्द्र सिंह बिष्ट का पुत्र वेदांत राजपुर रोड स्थित साई मन्दिर के पास पैदल जा रहा था तभी पीछे से आ रही वैगनआर कार ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

# कार की चपेट में आकर एक घायल

संवाददाता



देहरादून। कार की चपेट में आकर राहगीर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नया गांव पटेलनगर निवासी गुलाब सिंह सेलाकुई शिव मन्दिर के पास पैदल जा रहा था तभी पीछे से आ रही कार ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। सेलाकुई पुलिस ने घायल की पत्नी बीना देवी की तहरीर पर कार चालक संजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# दहेज के मुकदमों में रुचि क्यों नहीं दिखाती पुलिस ?

संवाददाता

देहरादून। दहेज के मुकदमों को पुलिस अक्सर हल्के में लेकर चलती हुई दिखायी देती है और अगर मुकदमा दर्ज हो भी गया तो उसमें जांच इतनी धीमी गति से शुरू होती है कि पीडित को इंसाफ मिलने में महीनों लग जाते है। ऐसा क्यों होता है?

दहेज प्रथा हमारे समाज का एक ऐसा कलंक है जिसको अभी तक कोई साफ नहीं कर पाया हैं। बडे-बडे सामाजिक संगठन इसके बारे में लेक्चर तो बहुत सुनाते हैं लेकिन धरातल में कुछ हुआ हो ऐसा दिखायी नहीं देता है। आज भी दहेज के लिए बहुओं की हत्याएं होती है दहेज के लिए बहुओं को घर से निकाले जाने की घटनाएं आम हो रही हैं। थाने चौकियों में दहेज के दर्जनों मुकदमें दर्ज हो रखे हैं। लेकिन इसका हल कोई तलाश नहीं पाया है कि ऐसा क्यों होता है। वहीं पुलिस विभाग भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं देता है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब दहेज का मुकदमा थाने चौकियों में सीधे दर्ज नहीं होते हैं। अब पहले पति पत्नी की कौसलिंग करायी जाती है। इसके लिए पुलिस विभाग में ही महिला हैल्प लाईन का गठन किया गया है। पीडिता पहले ससुराल में सास-ससुर, पति, देवर देवरानी का उत्पीडन सहती है और जब उसका सब्र खत्म हो जाता है तो वह थाना चौकी के दरवाजे खटखटाती है।

थाने चौकी से उसको महिला हैल्प लाईन का रास्ता दिखाया जाता है। महिला हैल्प लाईन में भी तीन बार कौंसलिंग के बाद जाकर मुकदमा दर्ज किया जाता है। महिला हैल्प लाईन द्वारा फाईल को सम्बन्धित थाने को भेज दी जाती है। हफ्तों वह फाईल थाने में पडी रहती है और अगर किसी ने कहीं से पहचान निकाल कर मुकदमा दर्ज किये जाने की पैरवी करायी जाती है तब मुकदमा दर्ज कर लिया जाता है। वह भी उस पीडिता पर पुलिस का एहसान ही माना जाये? मुकदमा दर्ज करने के बाद एक जांच अधिकारी नियुक्त किया जाता है अब जांच अधिकारी की मेहरबानी अगर हो गयी तो समय पर पी डिता के बयान दर्ज कर लिये जाते हैं वर्ना कई मामलों में तो महीनों अपने बयान दर्ज किये जाने का इंतजार पीडिता द्वारा किया जाता है। अगर यहां पर पैरवी करवा दी तो जांच अधिकारी का एक ही जवाब होता है कि उसके पास ओर कोई काम नहीं है क्या? उसके पास बहुत सी महत्वपूर्ण जांचे पडी है पहले उनको निपटाकर ही दहेज के मुकदमें का नम्बर आयेगा। यह उत्पीडन ससुराल वालो के उत्पीडन से ज्यादा दुखदायी साबित होता है कि इंसाफ पाने के लिए जिसके पास पीडिता गयी वह भी उसके मामले को गम्भीरता से नहीं ले रहे हैं तो अब वह जाये तो कहां जाये। इस मामले में पुलिस अधिकारियों को कोई ठोस नीति बनानी होगी कि दहेज के मुकदमों का शीघ्र निस्तारण किया जाये अगर मुकदमा सही है तो दोषियों के खिलाफ समय रहते कार्यवाही की जानी चाहिए जिससे कि किसी अबला को इंसाफ मिल सके?

# कारगर है रूसी पलटवार

अमेरिका ने प्रतिबंधों का एलान करते हुए जो लक्ष्य घोषित किए, उनमें एक रूस की वित्तीय व्यवस्था को ठप करना था। लेकिन रुबल की जोरदार वापसी ने प्रतिबंधों के औचित्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब रुबल की डॉलर के मुकाबले लगभग वही कीमत हो गई है, जो यूक्रेन युद्ध से ठीक पहले थी।

रूस की मुद्रा रूबल दोबारा मजबूत हो चली है। पश्चिमी देशों की तरफ से प्रतिबंध लगाए जाने के बाद रुबल की कीमत में भारी गिरावट आई थी, लेकिन पिछले सप्ताह कहानी बदल गई। अमेरिका ने प्रतिबंधों का एलान करते हुए जो लक्ष्य घोषित किए थे, उनमें एक रूस की वित्तीय व्यवस्था को ठप कर देना था। लेकिन रुबल की जोरदार वापसी ने प्रतिबंधों के औचित्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब रुबल की डॉलर के मुकाबले लगभग वही कीमत हो गई है, जो यूक्रेन पर रूस के हमले से ठीक पहले थी। इसे राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन की एक बड़ी सफलता समझा जा रहा है। अपने देश पर लगे अभूतपूर्व प्रतिबंधों से अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए पुतिन सरकार ने कई कड़े कदम उठाए हैं। सबसे पहले वहां के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों को दो गुना बढ़ा कर 2० प्रतिशत कर दिया। फिर रुबल के बदले यूरो या डॉलर आदि चाहने वाले लोगों पर सख्त पाबंदियां लगाई गईं। आखिर में जिस कदम से रुबल की कीमत उछली, वह पुतिन का यह फैसला है कि एक अप्रैल से उन्हीं 'अमित्र' देशों को रूस प्राकृतिक गैस देगा, जो उसके बदले भुगतान रुबल में करेंगे। रूस ने 'अमित्र देशों' की सूची में उन देशों को रखा है, जिन्होंने उस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैँ।

तो कहा जा सकता है कि यूक्रेन मामले में पश्चिमी देशों ने रूस के खिलाफ जो वित्तीय युद्ध छेड़ा, रूसी राष्ट्रपति उसका जवाब अब जवाबी वित्तीय हमलों के जरिए दे रहे हैँ। इस सिलसिले में उन्होंने यूरोप के लिए एक बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। गौरतलब है कि यूरोपियन यूनियन क्षेत्र की रोजमर्रा की गैस की जरूरत की लगभग 4० फीसदी पूर्ति रूसी निर्यात से होती है। दरअसल, ब्रिटिश पत्रिका इकॉनमिस्ट के एक पॉडकास्ट में बताया गया है कि पश्चिमी प्रतिबंधों का रूस पर उतना असर नहीं दिखा है, जितनी उम्मीद अमेरिका और उसके साथी देशों को थी। इसके विपरीत रूस की वास्तविक और वित्तीय अर्थव्यवस्थाओं ने प्रतिबंध को सह लेने की आश्चर्यजनक क्षमता दिखाई है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक 2०14 में यूक्रेनी इलाके क्राइमिया को जब रूस ने खुद में मिला लिया, तब भी पश्चिमी देशों ने उस पर पाबंदियां लगाई थीँ। तब से रूस ने प्रतिबंधों का मुकाबला करने की बड़ी तैयारी की। उसका फायदा अब उसे मिला है। जबकि प्रतिबंध लगाने वाले देशों के सामने अब नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैँ।( आरएनएस)

# सीपीएम राष्ट्रीय गठबंधन के खिलाफ

एक तरफ भाजपा के खिलाफ विपक्षी पार्टियों के गठबंधन का प्रयास पटरी से उतरा हुआ है तो दूसरी ओर देश की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी सीपीएम ने कहा है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर कोई गठबंधन नहीं करेगी। उसने राज्यों में अलग अलग गठबंधन की नीति बनाई है। उसने यह भी साफ कर दिया है कि कांग्रेस के साथ कोई राष्ट्रीय गठबंधन नहीं होगा। इसका मतलब है कि सीपीएम पूरे देश के स्तर पर बनने वाले किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं होगी। यह विपक्ष का साझा मोर्चा बनाने के प्रयासों के लिए झटका है। ध्यान रहे कम्युनिस्ट पार्टियों का आधार हर राज्य में है और किसी जमाने में कम्युनिस्ट नेता ही विपक्षी गठबंधन की धुरी होते थे। अब भी सीताराम येचुरी सहमति बनाने वाला चेहरा हो सकते हैं। लेकिन ऐसा लग रहा है कि उनकी पार्टी ने उनको ज्यादा तरजीह नहीं दी है।

केरल के कन्नूर में सीपीएम की 23वीं कांग्रेस हुई है, जिसमें यह प्रस्ताव पास किया गया कि पार्टी कांग्रेस के साथ कोई राष्ट्रीय गठबंधन नहीं बनाएगी। यह प्रस्ताव भी मंजूर किया गया कि पार्टी भाजपा को हराने के लिए राज्यवार गठबंधन करेगी। अब भी सीपीएम और सीपीआई दोनों इसी नीति पर चल रहे हैं। जैसे तमिलनाडु में दोनों का गठबंधन डीएमके से है तो बिहार में राष्ट्रीय जनता दल से। ऐसा लग रहा है कि सीपीएम ने हर राज्य की क्षेत्रीय पार्टी के साथ गठबंधन की रणनीति बनाई है। उसमें दूसरी पार्टियां भी हो सकती हैं।

इसका यह भी मतलब है कि एक बड़ा गठबंधन बनाने की बजाय विपक्ष के छोटे छोटे गठबंधन बनेंगे। सीपीएम का मानना है कि यह मॉडल ज्यादा सफल होगा। इससे यह मैसेज भी नहीं बनेगा कि सारी विपक्षी पार्टियां मिल कर भाजपा को हराने का प्रयास कर रही हैं। यह मैसेज बनने से भाजपा के पक्ष में ध्रुवीकरण होता है।( आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# कही आप भी तो नहीं करते मोबाइल चार्ज करते समय ये गलतियां




आज के दौर में मोबाइल हर किसी के लिए एक बहुत ही जरूरी साधन बन चुका है। यदि मोबाइल न हो तो आप खुद को दुनिया से कटा हुआ महसूस करने लगते हैं। इसलिए मोबाइल का हर वक्त चार्ज रहना बहुत जरूरी होता है। मगर, मोबाइल चार्जिंग से जुड़ी कुछ गलतियां हैं, जिन पर आमतौर पर लोग ध्यान नहीं देते हैं। इन गलतियों को यदि आप बार-बार दोहराते हैं तो आपका मोबाइल खराब भी हो सकता है। तो चलिए आज हम आपको मोबाइल चार्जिंग से जुड़ी कुछ गलतियों के बारे में बताते हैं, जिन पर यदि आप ध्यान दें तो आपके मोबाइल की लाइफ बढ़ सकती हैं।

-मोबाइल फोन से जुड़ी सबसे आम गलती है की लोग अपने मोबाइल को चार्ज करने के लिए किसी भी चार्जर का प्रयोग कर लेते हैं। मगर, ऐसा करने से आपके मोबाइल की बैटरी बहुत ज्यादा गरम हो जाएगी। इससे आपके मोबाइल की लाइफ कम होती है। बेस्ट है कि आप मोबाइल के साथ मिले चार्जर से ही उसे चार्ज करें।

- मोबाइल को हर वक्त 1०० प्रतिशत चार्ज रखने की भूल मत करें। आपको बता दें कि इससे आपके मोबाइल की बैटरी की लाइफ कम हो जाती है। इस बात का भी ध्यान रखें कि कभी भी मोबाइल की चार्जिंग को ० प्रतिशत न होने दें। यह स्थिति भी आपके मोबाइल की बैटरी की लाइफ को कम करती है।

-ज़्यदातर लोग रात में सोने से पहले मोबाइल को चार्जिंग पर लगा देते हैं और फिर उसे रात भर के लिए लगा छोड़ देते हैं। मोबाइल को चार्ज करने का यह सही तरीका नहीं है। इससे फिजूल की बिजली तो खर्च होती ही है साथ ही इतने लंबे समय के लिए चार्जिंग पर लगाने से मोबाइल की बैटरी भी बहुत अधिक गरम हो जाती है।

- अधिकतर लोग मोबाइल की बैटरी ० प्रतिशत होने तक उसे यूज करते रहते हैं,जो की बहुत गलत है। मगर, उससे भी ज्यादा गलत बात है, चार्जिंग के दौरान मोबाइल को यूज करना। कई लोग तो चार्जिंग पर मोबाइल को लगा कर बात भी करते हैं। इससे मोबाइल की बैटरी ओवरहीटेड हो जाती है। यह स्थिति मोबाइल को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ आपको भी हानि पहुंचा सकती है, इसलिए ऐसा करने से बचें।

- आजकल डिजाइनर मोबाइल केस लगभग हर किसी के मोबाइल में देखे जा सकते हैं। बेशक यह मोबाइल की खूबसूरती को बढ़ाते हैं मगर, जब आप मोबाइल चार्ज करते हैं तो इन्हें हटाना न भूलें। यदि आप मोबाइल को केस लगा कर चार्ज करेंगे तो इससे बैटरी और मोबाइल के अंदर के कॉम्पोनेंट्स ज्यादा गरम हो जाएंगे इससे आपके मोबाइल को नुकसान पहुंच सकता है। (आरएनएस)

# कई काम आती हैं वाइन, चौंका देंगे इसके इस्तेमाल !

मैरीनेट के लिए इस्तेमाल करें

अभी तक आपने नॉनवेज को दही और तमाम तरह के मसालों सहित कई और चीजों से मैरीनेट किया होगा। लेकिन इनको मैरीनेट करने के लिए लिए आप वाइन का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इससे नॉनवेज का का स्वाद दो बढ़ेगा ही, साथ ही ये अच्छी तरह से ग्रिल भी हो सकेंगी। इसके लिए आप नॉनवेज को कुछ देर के लिए वाइन में डिप करके मैरीनेट करें फिर इसको पकाएं।

फैब्रिक डाई करें

फैब्रिक को रेड और लाइट मरून कलर में डाई करने के लिए आप वाइन की मदद ले सकते हैं। इसके लिए आप एक बड़े बर्तन में वाइन को उबलने के लिए रख दें। जब ये उबलने लगे तो गैस को बंद कर दें। फिर कपड़े को वाइन में डालकर चिमटे की मदद से इसको अच्छी तरह से अलट-पलट दें, जिससे कपड़ा अच्छी तरह से वाइन में डिप हो सके। फिर इस कपड़े को वाइन में बीस मिनट तक रखा रहने दें। इसके बाद ठंडा होने पर कपड़े को निचोड़ कर सुखा लें।

सब्ज़ियों की सफाई करें

फल और सब्ज़ियों को धोने के लिए भी आप वाइन को इस्तेमाल में ला सकते हैं। जिस तरह से फल और सब्जियों की सफाई के लिए आप बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करते हैं, उसी तरह से वाइन का इस्तेमाल भी आपको करना होगा। यह नेचुरल क्लीनर की तरह से काम करेगी। दरअसल वाइन में अल्कोहल की मात्रा काफी होती है जो फल और सब्ज़ियों की सफाई करने और जर्म्स को मारने में मदद करती है।

स्किन के लिए इस्तेमाल करें

अपनी स्किन की सेहत सुधारने के लिए भी आप वाइन की मदद ले सकते हैं। ये स्किन को सॉफ्ट बनाने के साथ ही ड्राइनेस को ख़त्म करने और स्किन की रंगत को निखारने में आपकी मदद करेगी। इसका इस्तेमाल फेस पैक और टोनर की तरह से किया जा सकता है।

## शब्द सामर्थ्य - 96

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 95 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## मामूट्टी ने सीबीआई 5: द ब्रेन में पांचवीं बार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई

सीबीआई 5: द ब्रेन में मलयालम सुपरस्टार मामूट्टी सीबीआई अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। मामूट्टी 35 साल के करियर में पांचवीं बार सीबीआई अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। पहली फिल्म 1988 में ओरु सीबीआई डायरीकुरिप्पु रिलीज हुई थी, इसके बाद जागृत (1989), सेतुराम अय्यर सीबीआई (2004), नेरारियन सीबीआई (2005) में रिलीज हुई थी। वहीं, सीबीआई 5: द ब्रेन 2022 में रिलीज होगी। दिलचस्प बात यह है कि मामूट्टी ने न केवल एक ही किरदार निभाया है बल्कि इन सभी फिल्मों में उनके एक ही उम्र को दर्शाया गया है। मामूट्टी भारत के तीन बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता रहे हैं। इसमें वे अंग्रेजी-हिंदी द्विभाषी के लिए डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के पुरस्कार से नवाजे गए हैं। उन्होंने तमिल और तेलुगू जैसी भाषाओं में सुपरहिट फिल्में दी हैं।

निर्देशक के. मधु और लेखक एसएन. स्वामी ने भी इन सभी पांच फिल्मों में काम किया है। स्वामी ने बताया कि, यह हमारे लिए भी अविश्वसनीय है जब हम उन्हें स्क्रीन पर देखते हैं। हमने इन वर्षों में विभिन्न अभिनेताओं को जेम्स बॉन्ड की भूमिका निभाते हुए देखा है, लेकिन यह अभिनेता वास्तव में हमेशा एक नए किरदार के साथ आता है। प्रोडक्शन हाउस स्वर्गचित्र द्वारा निर्मित, सीबीआई 5: द ब्रेन मामूट्टी की अब तक की सबसे बड़ी हिट भीष्म पर्वम के बाद रिलीज की जाएगी।

## दसवीं के लिए निम्रत कौर ने बढ़ाया वजन

अभिनेत्री निम्रत कौर ने द कपिल शर्मा शो बताया कि कैसे उन्होंने अपनी नई फिल्म दसवीं के लिए 15 किलो वजन बढ़ाया था।

एक बातचीत के दौरान, जब कपिल शर्मा ने निम्रत से अपने वजन बढ़ाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से पूछा, तो निम्रत ने जवाब दिया मेरे पास छह महीने का समय था, इसलिए मैंने आराम से वजन बढ़ाया लिया। इस दौरान मैंने अपने पसंद की हर की चीज खाई। फिल्म में निम्रत अभिषेक बच्चन की पत्नी बिम्मो के किरदार में नजर आ रही हैं।

वहीं अर्चना पूरन सिंह ने भी उनसे वजन बढ़ने का कारण पूछा, जिस पर निम्रत ने बताया कि यह एक रचनात्मक निर्णय था। तुषार, जो फिल्म के निर्देशक हैं, चाहते थे कि मैं स्क्रीन पर अपने पिछले सभी पात्रों से अलग दिखूं। फिल्म के बाद वजन कम करना भी एक लंबी प्रक्रिया थी।

अभिषेक बच्चन ने तब खुलासा किया कि उनकी फिल्म बॉब बिस्वास के बाद दसवीं के लिए वजन कम करने के लिए उनके पास लगभग 6 सप्ताह थे।

## टाइगर ने हीरोपंती 2 के मिस हेयरन के लिए दी अपनी आवाज

बॉलीवुड के एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ अपनी आने वाली एक्शन फिल्म हीरोपंती 2 के फीचर फिल्म के गाने को अपनी आवाज दी है। एक्शन स्टार इससे पहले अनबिलीवबल और पंजाबी-इंग्लिश सिंगल पूरी गल बात जैसे सिंगल्स को अपनी आवाज दे चुके हैं। मिस हेयरन शीर्षक वाला यह गाना एक ए आर रहमान की रचना है, जिसके बोल अनुभवी गीतकार महबूब द्वारा प्रस्तुत किए गए हैं। अहमद खान ने राहुल शेट्टी के साथ कोरियोग्राफी की जिम्मेदारी ली है। टाइगर ने निसा शेट्टी के साथ ट्रैक परफॉर्म किया है। गाना शुक्रवार को रिलीज होगा। रजत अरोड़ा द्वारा लिखित और ए आर रहमान द्वारा संगीत, साजिद नाडियाडवालाकी हीरोपंती 2 अहमद खान द्वारा निर्देशित है, जिन्होंने टाइगर की आखिरी रिलीज बागी 3 का निर्देशन भी किया था। साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित, फिल्म, जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी और तारा सुतारिया भी हैं, 29 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जो यह अजय देवगन निर्देशित रनवे 34 से टकराएगी।

## लॉस्ट में मुख्य किरदार में नजर आएंगी अभिनेत्री पिया वाजपेयी

फिल्म निर्माता अनिरुद्ध रॉय चौधरी की अगली फिल्म लॉस्ट में अभिनेत्री पिया वाजपेयी एक मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, पिया ने कहा, मुझे यकीन है कि कई लड़कियां लॉस्ट में मेरे चरित्र से संबंधित होंगी। जैसे ही मैंने इसकी स्टोरी पढ़ी, मैंने पढ़ते ही फिल्म के लिए हां कर दिया। यह मेरे लिए एक चुनौतीपूर्ण किरदार था, लेकिन मुझ पर भरोसा करने के लिए मैं अनिरुद्ध रॉय चौधरी का बहुत आभारी हूं। अनिरुद्ध रॉय चौधरी के साथ काम करना मेरे लिए सपने सच जैसा होगा। मैंने उनसे शूटिंग के दौरान बहुत कुछ सीखा। उन्होंने अपनी जिंदगी में तीन बार राष्ट्रीय पुरस्कार का खिताब जीता है। फिल्म में यामी गौतम, पंकज कपूर, राहुल खन्ना, नील भूपालम और तुषा पांडे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज, शरीन मंत्री केडिया, किशोर अरोड़ा, सैम फर्नांडीस और इंद्राणी मुखर्जी ने किया है।

# जेनेलिया को लेकर फिल्म बनाएंगे आमिर खान!



बॉलीवुड के 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' आमिर खान एक बार फिर अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा को लेकर फिर फिल्म बना सकते हैं।

आमिर खान ने जेनेलिया को लेकर फिल्म 'जाने तू या जाने ना' बनायी थी। चर्चा है कि आमिर खान अपनी प्रोडक्शन फिल्म में जेनेलिया डिसूजा को कास्ट करने के इच्छुक हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि आमिर इस फिल्म के साथ जेनेलिया को फिर से लॉन्च करना चाहते हैं।

बताया जा रहा है कि कुछ हफ्ते पहले आमिर और जेनेनिया की मुलाकात हुई थी और डील लगभग तय हो चुकी है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो एक बार फिर जेनेलिया को आमिर खान प्रोडक्शंस में देखने को मिल सकता है।

गौरतलब है कि फरवरी में, जेनेलिया ने एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर 'मिनिस्टर मम्मी' से एक रोम-कॉम की घोषणा की थी।

फिल्म में वह अपने पति रितेश देशमुख के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा, जेनेलिया ने इस महीने की शुरुआत में एक इंस्टाग्राम पोस्ट के माध्यम से दक्षिण भारतीय फिल्मों में फिर से एंट्री की घोषणा की थी।

### एजेंट के निर्माता ने अखिल अक्किनेनी के प्रशंसकों से मांगी माफी

अखिल अक्किनेनी शुक्रवार को अपना जन्मदिन मनाया, ऐसे में निर्माता अनिल सुनकारा ने अभिनेता के प्रशंसकों से अपनी अगली फिल्म एजेंट का साधारण पोस्टर जारी करने के लिए माफी मांगी है। एजेंट के निर्माता अनिल सुनकारा ने प्रशंसकों को इस बात को बताने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया था।

जैसा कि अक्किनेनी के प्रशंसकों ने एजेंट के टीजर के रिलीज होने की उम्मीद की थी, वे निर्माताओं द्वारा अखिल के जन्मदिन पर केवल एक साधारण पोस्टर जारी करने से काफी परेशान हैं।

सुनकारा ने टीजर रिलीज नहीं करने के लिए फैंस से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि टीम जल्द ही एक नया टीजर जारी करेगी।

उन्होंने अक्किनेनी के प्रशंसकों से टीजर जारी नहीं करने के लिए भी माफी मांगी है।

एजेंट का निर्देशन सुरेंद्र रेड्डी ने किया है। अखिल ने इस फिल्म के लिए बड़े पैमाने पर शरीर में बदलाव किए हैं।

हिप-हॉप तमीझा भी इस फिल्म में अपना सहयोग दे रहे हैं। वहीं, फिल्म 12 अगस्त को रिलीज की जाएगी।

## रेड ड्रेस पहन मोनालिसा ने मचाई तबाही

टीवी जगत की मशहूर अदाकारा मोनालिसा मनोरंजन जगत की जानी मानी अभिनेत्रियों में से एक हैं। मोनालिसा सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव रहती है, वही प्रशंसक उनकी पोस्ट और एक झलक पाने के लिए बेसब्री से प्रतीक्षा करते हैं। इसलिए वो प्रशंसकों के लिए सोशल मीडिया पर बहुत सक्रीय रहती हैं तथा स्वयं से जुड़ी पोस्ट्स साझा करती रहती हैं।

वही इसी बीच अब उन्होंने अपनी नई फोटोज से तहलका ही मचा दिया है, जिसमें उन्हें रेड कलर की झालरदार मिनी स्कर्ट में देखा जा सकता है। मोनालिसा की ये फोटोज हैदराबाद के किसी इवेंट की है, जिसमें मोनालिसा ने हाल ही में शिरकत की। उनकी इस ड्रेस एक बात तो स्पष्ट जाहिर है कि उन्होंने बेहतरीन स्टेज परफॉर्मेंस दी है।



वही मोनालिसा ने भी तस्वीरों को साझा करने के साथ ही लिखा, क्या शानदार रात रही है। इवेंट, हैदराबाद। सोशल मीडिया पर सामने आई फोटोज में देखा जा सकता है कि उन्होंने कानों में बड़ी ईयररिंग्स, आंखों में काजल और सिंपल मेकअप के साथ खुले बालों में पोज दे रही हैं और बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं। मोनालिसा के प्रशंसक उनके इस लुक की प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। उनकी ननद रिया सिंह ने कमेंट में फायर वाली इमोजी साझा की है। इसके अतिरिक्त प्रशंसकों ने तो पागलों की तरह कमेंट्स किए हैं। फैंस ने तो तारीफों के पुल बांध दिए हैं। हर कोई उन्हें ग्लैमरस, गॉर्जियस बोल रहा है। उनकी ये तस्वीरें इस समय सोशल मीडिया पर छाई हुई है।

## वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की बवाल की शूटिंग लखनऊ में हुई शुरु

वरुण धवन और जाह्नवी कपूर ने हाल में अपनी फिल्म बवाल का ऐलान किया था। जब से फिल्म का ऐलान हुआ है, तभी से इसको लेकर फैंस की उत्सुकता बढ़ी हुई है। फैंस वरुण और जाह्नवी की जोड़ी को साथ देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। रविवार को लखनऊ में इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग शुरू की गई है।

बवाल का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक नितेश तिवारी कर रहे हैं। नितेश की पत्नी अश्विनी अय्यर ने इंस्टाग्राम पर शूटिंग शुरू करने की जानकारी दी है। उन्होंने अपने पोस्ट में एक क्लैपबोर्ड की तस्वीर भी शेयर की है। अश्विनी ने अपने पोस्ट में लिखा, खुशी शुरू होती है। साजिद नाडियाडवाला सर की जीवंत मुस्कान और वर्धा नाडियाडवाला की झप्पी को मिस कर रही हूं। वरुण और जाह्नवी समेत कुछ कलाकारों के साथ शूटिंग शुरू होती है।

वरुण शूटिंग के लिए शनिवार को लखनऊ के लिए रवाना हुए थे। वहीं, जाह्नवी ने 7 अप्रैल को नवाबों के शहर लखनऊ के लिए अपनी उड़ान भरी थी। भारत में तीन अलग-अलग स्थानों पर फिल्म को शूट किया जाना है। हालांकि, अभी उन स्थानों के बारे में नहीं बताया गया है, जहां इस प्रोजेक्ट के आगामी शेड्यूल पूरे होंगे। भारत के अलावा बवाल की शूटिंग पेरिस समेत चार यूरोपीय लोकेशंस पर भी होगी।

फिल्ममेकर साजिद के कंधे पर फिल्म को प्रोड्यूस करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह फिल्म अगले साल 7 अप्रैल को दर्शकों के बीच आएगी। यह पहला मौका होगा, जब पर्दे पर वरुण-जाह्नवी की जोड़ी देखने को मिलेगी। इससे पहले दोनों ने किसी फिल्म में साथ काम नहीं किया है। जाह्नवी उम्र में वरुण से नौ साल छोटी हैं। वह 25 की हैं, जबकि वरुण की उम्र 34 साल है।

वरुण फिल्म भेड़िया में भी नजर आएंगे। वह फिल्म जुग जुग जियो में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। फिल्म इक्कीस भी वरुण के खाते से जुड़ी है। सिटाडेल के हिंदी वर्जन में भी वरुण अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। दूसरी तरफ जाह्नवी फिल्म गुड लक जैरी और मलयालम फिल्म हेलन की हिंदी रीमेक मिली का हिस्सा हैं। वह करण जौहर की फिल्म दोस्ताना 2, तख्त, मिस्टर एंड मिसेज माही और विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म जन गण मन में भी दिखाई देंगी।

नितेश पहली बार वरुण को लेकर फिल्म निर्देशित करने जा रहे हैं। दूसरी तरफ साजिद के साथ वरुण पहले भी जुड़वां 2 और ढिशुम में काम कर चुके हैं। दोनों बवाल के जरिए तीसरी बार साथ आ रहे हैं।

# सार्वजनिक शिक्षा स्वास्थ्य का लौटेगा दौर!

अजीत द्विवेदी

बहुत समय नहीं बीता, जब भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सार्वजनिक उपक्रम थे। लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकारों की जिम्मेदारी होती थी। स्कूल, कॉलेज और अस्पताल सरकारी होते थे। निजी शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों की संख्या बहुत मामूली थी और देश की बहुत छोटी आबादी उनका इस्तेमाल करती थी। आर्थिक उदारीकरण के बाद सुनियोजित तरीके से शिक्षा और स्वास्थ्य की सरकारी व्यवस्था को कमजोर किया गया ताकि निजी शिक्षण संस्थान और अस्पताल फल-फूल सकें ऐसा नहीं है कि सिर्फ शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐसा हुआ। संचार से लेकर परिवहन तक लगभग हर सेक्टर में यह देखने को मिला। सो, सवाल है कि क्या समय का चक्र उलटा घुमाया जा सकता है? क्या सब कुछ पहले की तरह हो सकता है?

हर सेक्टर में ऐसा संभव नहीं है। लेकिन कम से कम शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में पुरानी व्यवस्था बहाल हो सकती है। इस उम्मीद के दो कारण हैं। पहला कारण कोरोना वायरस की महामारी है, जिसने सस्ती और बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था की जरूरत को रेखांकित किया है। दूसरा कारण दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार के शिक्षा व स्वास्थ्य मॉडल की सफलता है। केजरीवाल ने अपनी तमाम राजनीतिक नाटकीयताओं के बावजूद सार्वजनिक शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को राजनीतिक विमर्श का केंद्र बना दिया है। गुजरात और दिल्ली मॉडल का यह बुनियादी फर्क है। गुजरात मॉडल के तहत स्कूल-कॉलेज व अस्पताल नहीं दिखाए गए थे, बल्कि औद्योगिक व आर्थिक विकास दिखाया गया था। उसके उलट केजरीवाल दूसरे राज्यों में जाकर अपने स्कूल और अस्पताल दिखा रहे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन दिल्ली आए तो सरकारी स्कूल देखने गए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वे दिल्ली के सरकारी स्कूलों की तर्ज पर अपने यहां स्कूल विकसित करवाएंगी।

पता नहीं स्टालिन और ममता बनर्जी ऐसा कर पाएंगे या नहीं लेकिन यह बहुत बड़ी बात है कि तीन दशक के बाद समय का पहिया उलटा घूम रहा है। तीन दशक पहले आर्थिक उदारीकरण के साथ यह धारणा बनी थी कि सरकारी स्कूलों में अच्छी पढ़ाई नहीं होती है और अगर किसी को अपने बच्चों का भविष्य बनाना है तो उसे निजी स्कूल में भेजना होगा। इसका नतीजा यह हुआ कि गली गली में निजी स्कूल खुलने लगे। सरकारी अस्पतालों के बारे में भी ऐसी ही धारणा बनाई गई। ऐसा नहीं है कि यह धारणा अपने आप बनी। सरकारों ने भी शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च घटाना शुरू किया। शिक्षकों और डॉक्टरों की नियुक्ति कम की। स्कूल और अस्पताल बनाने बंद किए और इस तरह अच्छी शिक्षा व स्वास्थ्य की व्यवस्था निजी हाथों में सौंप दी। केजरीवाल ने भले अपने राजनीतिक फायदे के लिए किया हो लेकिन उनकी दिल्ली सरकार ने बजट का लगभग 40 फीसदी हिस्सा शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च करना शुरू किया है। ऐसा नहीं है कि इससे निजी शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों की जो श्रृंखला बनी है वह बंद जाएगी लेकिन उसके बरक्स सस्ती व बेहतर गुणवत्ता वाले सरकारी स्कूल व अस्पतालों की व्यवस्था विकसित होगी तो देश की बड़ी आबादी को उसका लाभ मिलेगा।

कोरोना वायरस की महामारी ने भी एक अवसर उपलब्ध कराया है। इस बात को ऐसे भी कह सकते हैं कि कोरोना महामारी और उससे पहले देश की अर्थव्यवस्था में आई सुस्ती ने लोगों को मजबूर किया कि वे शिक्षा और स्वास्थ्य की सरकारी व्यवस्था की ओर देखें। एनुअल स्टैट्स ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट यानी एएसईआर के मुताबिक 2018-21 के बीच सरकारी स्कूलों में दाखिले में छह फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जाहिर है यह बढ़ोतरी लोगों की आर्थिक स्थिति में आई गिरावट के कारण हुई है। यह आंकड़ा 2018-21 का है, इसके अगले एक साल में स्थिति और खराब हुई है। मध्य वर्ग का बड़ा हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे गया है। उसकी मजबूरी हो गई है कि वह अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराए। ऐसे में अगर सरकारें व्यवस्था में सुधार करती हैं, शिक्षकों की नियुक्ति करती हैं और नए स्कूल-कॉलेज बनवाए जाते हैं तो सरकारी स्कूलों में लौटे बच्चों को उसी स्कूल में बनाए रखा जा सकता है। इसके लिए सरकारी खर्च में बढ़ोतरी करनी होगी। आमतौर पर महामारी के दौरान शिक्षा पर खर्च कम होता है। भारत में भी हुआ। पिछले साल शिक्षा पर खर्च में छह फीसदी की कमी हुई थी लेकिन अगले साल के लिए इसमें 12 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।

इसी तरह कोरोना महामारी ने स्वास्थ्य व्यवस्था की कमियों को उजागर किया है। राजधानी दिल्ली से लेकर देश के दूसरे हिस्सों में भी देखने को मिला कि सरकारी अस्पतालों में लोगों को बेहतर इलाज मिला, जबकि निजी अस्पतालों में लूट हुई। निजी अस्पतालों ने टेस्ट से लेकर इलाज और इंजेक्शन से लेकर दवा के नाम पर मरीजों को लूटा। अनाप-शनाप पैसे बनाए और इसके बावजूद खराब इलाज, दवा और ऑक्सीजन की कमी से लोग मरे। ऑक्सीजन की कमी से ज्यादातर मौतें निजी अस्पतालों में हुईं। सो, लोगों का निजी अस्पतालों से मोहभंग हुआ और आर्थिक बदहाली से मजबूरी भी हुई कि वे सरकारी अस्पतालों की तरफ देखें।

अब जरूरत इस बात की है कि सरकारी स्कूलों और अस्पतालों को लेकर बनी धारणा को तोड़ा जाए। जनता और सरकार दोनों मिल कर यह काम कर सकते हैं। लोगों को ध्यान रखना चाहिए कि नवोदय और केंद्रीय विद्यालयों की गुणवत्ता किसी भी निजी स्कूल के टक्कर की है। दिल्ली विश्वविद्यालय से लेकर जेएनयू, जामिया और बीएचयू जैसे संस्थान किसी भी निजी विश्वविद्यालय से बेहतर हैं। एम्स से लेकर सफदरजंग, एलएनजेपी और जीबी पंत अस्पताल का इलाज किसी निजी अस्पताल के इलाज से अच्छा है।

और अब तो पंजाब में आम आदमी पार्टी की जीत से यह भी प्रमाणित हो गया है कि स्कूल और अस्पताल बनवा कर वोट हासिल किया जा सकता है और चुनाव जीता जा सकता है। दो राज्यों में आम आदमी पार्टी की सफलता ने इस बात को स्थापित किया है कि विकास के नाम पर ऊंची इमारतों और चिकनी सड़कों के निर्माण के साथ साथ अगर सामाजिक मुद्दों पर खर्च बढ़ाया जाए तो उसका राजनीतिक फायदा मिल सकता है।

## मेरे देश की धरती 6 मई को होगी रिलीज

करीब दो साल की देरी के बाद, सोशल ड्रामा मेरे देश की धरती 6 मई को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में हमारे देश में प्रचलित समकालीन परिस्थितियां दिखाई गई हैं, जो ग्रामीण और शहरी विभाजन को दर्शाती है। फिल्म में दिखाया गया है कि शहरी युवा कैसे ग्रामीण वास्तविकता और अर्थशास्त्र का एक निश्चित हिस्सा बन सकते हैं। फिल्म अपने नायक के माध्यम से दो दुनिया को एक साथ लाने का मार्ग प्रशस्त करती है।

फराज हैदर द्वारा निर्देशित मेरे देश की धरती में मिर्जापुर फेम दिव्येंदु, वॉर की अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका, सुल्तान अभिनेता अनंत विधात और राजेश शर्मा हैं।

फिल्म को लेकर दिव्येंदु ने कहा कि यह देखना आकर्षक है कि हमारे दर्शक उन फिल्मों पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं जो प्रेरणादायक हैं और एक शक्तिशाली और सम्मोहक संदेश देती हैं। मैं बहुत खुश हूं कि यह 6 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

उन्होंने आगे कहा कि विषय और कहानी पर, हमें फिल्म समारोहों से कुछ हार्दिक प्रतिक्रिया मिली है। मेरे देश की धरती एक शानदार कृषि नाटक है जिसमें बहुत सारी कॉमेडी है। मैं दर्शकों के फिल्म देखने और प्रतिक्रिया साझा करने का इंतजार नहीं कर सकता।

निर्देशक फराज हैदर ने इसे खेती उद्योग में एक नए साहसिक कार्य पर जाने वाले दो इंजीनियरिंग मित्रों की यात्रा का एक यथार्थवादी और मनोरंजक चित्रण कहा है। उनके लिए कहानी में एक मजबूत सापेक्षता कारक है।

## सू- दोकू क्र. 96

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

### नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र. 95 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सोशल मीडिया पर चला निक्की तंबोली के किलर लुक का जादू

टीवी के सबसे बड़े रियलिटी शो बिग बॉस से मशहूर हुईं निक्की तंबोली हर अवतार में कहर ढाती हैं। बीते कुछ दिनों से वह निरंतर अपने फोटोशूट की झलक प्रशंसकों को दिखा रही हैं मगर अब उन्होंने जो ऐसा फोटोशूट करवाया है उसकी फोटोज सोशल मीडिया पर तहलका मचा रही हैं।

वही फोटोज में देखा जा सकता है कि निक्की तंबोली हाई स्लिट गाउन में दिखाई दे रही हैं। उन्होंने बहुत टाइट ड्रेस पहनी है जिसमें उनका हॉट लुक देखकर प्रशंसकों के दिलों में खलबली मच गई है। खुले हुए बाल एवं ब्राइट मेकअप उनके लुक को और खूबसूरत बना रहा है। निक्की ने कैमरे के सामने ऐसे पोज दिए हैं जिससे निगाहें हटाना मुश्किल है।

वही अपनी इन फोटोज को साझा करते हुए निक्की तंबोली ने कैप्शन में लिखा, वॉर्निंग! आपको मुझसे प्यार हो सकता है। तस्वीरों को जमकर लाइक और शेयर किया जा रहा है। कोई उन्हें दुनिया की सबसे हॉट लड़की बोल रहा है तो किसी ने उनकी सुंदरता की प्रशंसा की है। वही इससे पहले निक्की तंबोली ने ट्रेडिशनल लुक में इंटरनेट का तापमान हाई कर दिया था। आए दिन निक्की तंबोली अपने फोटोज और वीडियोस के चलते सुर्खियों में बनी रहती है।

## विपक्षी एकता का प्रयास भी बंद

संसद का बजट सत्र समाप्त हो गया। बजट सत्र के दूसरे चरण में एक महीने तक संसद की कार्यवाही चली लेकिन इस दौरान विपक्षी पार्टियों के बीच एकता बनाने का प्रयास भी नहीं हुआ। सभी विपक्षी पार्टियां अपनी अपनी राजनीति करती रहीं। आमतौर पर संसद सत्र के दौरान या उससे पहले विपक्षी पार्टियों की बैठक होती थी, जिसमें सत्र के दौरान फ्लोर कोऑर्डिनेशन के लिए सभी दलों में विचार होता था। ऐसे मुद्दों की पहचान होती थी, जिन पर सरकार को जिम्मेदार ठहरा कर उसके घेरा जाता था। लेकिन इस बार ऐसी कोई मीटिंग नहीं हुई।

सवाल है क्यों विपक्षी पार्टियों ने बैठक करके एकता बनाने और सरकार को घेरने की साझा रणनीति बनाई? क्या पांच राज्यों के चुनाव नतीजों की वजह से ऐसा हुआ? पांच राज्यों के चुनाव नतीजों के बाद आम आदमी पार्टी को छोड़ कर बाकी विपक्षी पार्टियां औंधे मुंह गिरी थीं। कांग्रेस सभी राज्यों में बुरी तरह हारी तो तृणमूल कांग्रेस को गोवा अभियान इस बुरी तरह से पिटा की उसके नेता काफी समय तक उससे नहीं उबर पाएंगे। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी को भी सदमे से उबरने में समय लगेगा। संभवत: इस वजह से किसी पार्टी की ओर से पहल नहीं की गई।

संसद के इस सत्र में विपक्षी पार्टियों के पास कई ऐसे मुद्दे थे, जिस पर साझा रणनीति के तहत काम करके सरकार को घेरा जा सकता था। महंगाई का मुद्दा सबसे बड़ा था। संसद सत्र के बीच सरकार हर दिन पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ाती रही लेकिन इस मसले पर विपक्षी पार्टियां कुछ नहीं कर पाईं। आखिरी हफ्ते में राज्यसभा में जरूर विपक्ष ने यह मुद्दा उठाया लेकिन सरकार ने बहस नहीं होने दी और एक दिन पहले ही सत्र का समापन कर दिया। लोकसभा में विपक्षी पार्टियां यह भी नहीं कर पाईं।

ऐसा नहीं है कि लोकसभा में विपक्ष के पास संख्या नहीं है। सभी विपक्षी पार्टियों को मिला कर दो सौ से ज्यादा सांसद हैं और अगर पार्टियों में एकता बने तो दो सौ सांसद सरकार को चर्चा के लिए मजबूर कर सकते हैं। अगर सभी पार्टियां एकजुट हो जाती तो संसद के बाहर भी प्रदर्शन करके सरकार पर दबाव बनाया जा सकता था। लेकिन छह फीसदी से ज्यादा महंगाई दर होने, हर दिन पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत बढ़ने, खाने-पीने की चीजों की बढ़ती महंगाई के बावजूद विपक्ष कोई असरदार प्रदर्शन नहीं कर सका। सारी पार्टियां केंद्रियों एजेंसियों की मनमानी से परेशान हैं। तृणमूल कांग्रेस से लेकर एनसीपी, शिव सेना और आम आदमी पार्टी तक के नेताओं-मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है लेकिन इस मसले पर भी विपक्षी पार्टियों की ओर से कोई पहल नहीं की गई। विपक्ष के बंटे होने के कारण सरकार ने भी चिंता नहीं की।( आरएनएस)

# 15 किलो गांजे सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। गांजा तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने कल देर शाम 15 किलो 450 ग्राम अवैध गांजे सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना कुण्डा पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई नशा तस्कर भारी मात्रा में नशीले पदार्थो सहित आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने थाना क्षेत्र के सभी स्थानों पर चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को कुदयोवाला तिराहा ओवरब्रिज के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। उसके पास मौजूद जब थैले की तलाशी ली तो उसके पास से 15 किलो 450 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुनील बाली पुत्र बलवन्त राय बाली निवासी ग्राम टांडा उज्जैन थाना काशीपुर जिला ऊधम सिंह बताया। बताया कि उसने यह गांजा अपने भांजे अंकुर कौशल पुत्र आशोक निवासी बदायूं से लिया गया है। जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। बहरहाल पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।



# डिफेंस फोर्सेस हैल्प डैस्क का गठन

संवाददाता

देहरादून। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जनपद पुलिस ने सशस्त्र बलों में तैनात व्यक्तियों व उनके परिजनो की शिकायतों के निस्तारण के लिए डिफेंस फोसेस हैल्प डैस्क का गठन कर सीओ मसूरी पल्लवी त्यागी को नोडल अधिकारी बनाया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड के निर्देशानुसार राज्य में निवासरत सशस्त्र बलों एवं उनके परिजनों की शिकायतों के निस्तारण हेतु सभी जनपदों में डिफेंस फोर्सेस हैल्प डैस्क का गठन करते हुए उक्त शिकायतों के त्वरित समाधान एवं निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके अनुपालन में जनपद देहरादून में पुलिस कार्यालय में स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में डिफेंस फोर्सेस हैल्प डैस्क की स्थापना की गयी है, जिसमें नोडल अधिकारी सुश्री पल्लवी त्यागी, क्षेत्राधिकारी मसूरी को नियुक्त किया गया है। पुलिस कार्यालय स्थित डिफेंस फोर्सेस हैल्प डेस्क में सशस्त्र बलों में कार्यरत सैनिक अथवा उनके परिवारजन किसी भी कार्य दिवस में प्रात: दस बजे से सांय: पांच बजे के मध्य स्वंय आकर अथवा ई-मेल के माध्यम से अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं।

**●पल्लवी त्यागी होंगी नोडल अधिकारी**

# एकाउंट हैक कर निकाले साढ़े तीन लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। एकाउंट हैक कर महिला के खाते से साढे तीन लाख रूपये निकाल लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती पूजा देवी पत्नी जयवीर सिह नेगी निवासी बढ़ोवाला, पोस्ट भाववाला विकासनगर ने साईबर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि तीन दिसम्बर को वह अपने घर ग्राम- बढोवाला पोस्ट भाऊवाला थाना विकास नगर देहरादून में थी, जब उसने अपने मकान के ठेकदार को पैसे देने के लिये दो लाख का चेक दिया तो दूसरे दिन जब ठेकदार बैक गया और पैसे नही निकले तो उस यह बात बताया कि आपका चेक बाउन्स हो गया और आपके एकाउन्ट में पैसे नहीं है। इस पर वह 11 जनवरी 2022 को अपने एकाउन्ट एसबीआई की शाखा थापली चौरास कृतिनगर टेहरी गढ़वाल में गई तो बैक मैनेजर द्वारा बताया गया कि 3 दिसम्बर 2021 को आपके एकाउन्ट से कुल 374000 रुपये की आनलाईन निकासी की गई तथा बैक मैनेजर ने यह बताया कि आपका एकाउन्ट का रजिस्ट्रेशन मोबाईल नम्बर भी चेंज किया गया है। उसके एकाउन्ट को बिहार ट्रान्सफर किया गया है। उसने बताया कि किसी ने उसका एकाउंट हैक कर रूपये निकाल लिये हैं। साइबर थाने के आदेश पर विकासनगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के साथ ही सर्वागीण विकास के लिए रहना होगा सजग: मर्तोलिया

विशेष संवाददाता



मुनस्यारी। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने अपने अनूठे अभियान के तहत आज दो राजकीय प्राथमिक विद्यालय तथा दो आंगनबाड़ी केंद्रों में चॉकलेट मीटिंग कर बच्चों तथा उनके अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित किया। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को बच्चों के शिक्षा के साथ ही सर्वागीण विकास के लिए हमेशा सजग रहना चाहिए। इसके लिए शिक्षकों को भी अपनी ड्यूटी के अलावा अतिरिक्त समय इन बच्चों के चौतरफा विकास के लिए देना होगा।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरमोली, सुरिंग तथा आंगनवाड़ी केंद्र सरमोली, सुरिंग में आयोजित चॉकलेट मीटिंग में बच्चों के साथ खुलकर बातचीत की। उन्होंने बच्चों के मुंह से उनके परिवार के बारे में तमाम जानकारियां हासिल की। बच्चों के शिक्षा के प्रति उत्साह का भी मापन किया। बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति उनसे बातचीत की। बच्चों ने कविताएं गीत सुना कर चॉकलेट मीटिंग के उद्देश्यों पर चार चांद लगा दिए।

जिला पंचायत सदस्य ने इन बच्चों के साथ बातचीत करने के बाद इनके अभिभावकों के साथ अलग से बैठक की। उन्होंने बच्चो द्वारा कही गई बातों को अभिभावकों के साथ साझा किया। कहा कि गांव - घर को ही नहीं परिवार को भी हमें नशा मुक्त बनाने की ओर आगे बढ़ना पड़ेगा। बच्चों को परिवार के भीतर पढ़ने के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक व अन्य क्रियाकलापों में भाग लेने के लिए एक माहौल देना होगा। मर्तोलिया ने कहा कि जब तक हम बच्चों को हम एक अच्छा महौल नहीं दे पाते है, तब तक हम स्वयं एक अच्छे अभिभावक नहीं बन सकते है। इस मौके पर ब्लॉक संसाधन केंद्र के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भीम राम ने भी बच्चों के साथ साथ शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ बातचीत की। इस मौके पर बच्चों ने कला चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता यशवंत बृजवाल, राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरमोली की प्रधानाध्यापक कमलेश आर्या, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती यमुना टोलिया, सहायिका भावना देवी, भोजनमाता प्रतिमा देवी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुरिंग की सहायक अध्यापिका मंजू धर्मसत्तू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती पुष्पा देवी, सहायिका मंजू देवी, भोजनमाता सीता देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पार्वती देवी आदि मौजूद रही।

# हनुमान जयंती पर बजरंग दल ने निकाली शोभायात्रा

संवाददाता



देहरादून। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा निकाली जिससे शहर की सडकें भगवामय हो गयी।

आज यहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बजरंग दल कार्यकर्ता तिलक रोड पर एकत्रित हुए जहां से उन्होंने राम के जयकारों के साथ शोभायात्रा का शुभारम्भ किया। शोभायात्रा जहां से भी गुजरती वहीं पर माहौल भगवामय हो गया। शोभायात्रा तिलक रोड से झण्डा बाजार, सहारनपुर चौक, प्रिंस चौक, इनामुल्ला बिल्डिगं होते हुए घंटाघर चौक पर पहुंची। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से काफी संख्या में पुलिस बल शोभायात्रा के साथ-साथ चल रहा था। शोभायात्रा में बजरंग दल कार्यकर्ता जय श्री राम के नारे लगाते चल रहे थे। शोभायात्रा पल्टन बाजार से राजा रोड चौक होते हुए वापस सहारनपुर चौक, कांवली रोड होते हुए हिन्दू नेशनल इण्टर कालेज में जाकर समाप्त हुई।

# शिक्षक संघ का प्रधानाचार्य पद पर सीधी भर्ती का विरोध

नई टिहरी (आरएनएस)। राजकीय शिक्षक संघ टिहरी गढ़वाल ने सरकार की प्रधानाचार्य पदों पर सीधी भर्ती कराने की मंशा का पुरजोर विरोध शुरू किया है। राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष श्याम सिंह सरियाल और जिला प्रवक्ता कमलनयन रतूड़ी ने कहा की अन्य विभागों की तरह यदि शिक्षा विभाग में भी नियमित रूप से न्यूनतम तीन पदोन्नति होती रहती तो इतने पद कभी खाली नहीं रहते। सीधी भर्ती के विरोध समय आने पर आंदोलन भी किया जायेगा।

शिक्षक संघ ने सीधी भर्ती का विरोध करते हुये कहा कि ये दुर्भाग्य है कि पद रिक्त होने के बाबजूद शिक्षकों को उनकी पदोन्नति से जानबूझकर वंचित किया जाता रहा है। किसी भी विभाग में ऐसा नहीं है। अन्य विभागों में यदि चार पद भी रिक्त होंगे, तो उन्हीं में पदोन्नति हो जाती है। लेकिन शिक्षा विभाग में जब तक हजार पद रिक्त नहीं हो जाते तक तक अधिकारियों की आंख नहीं खुलती। पूर्व में भी प्रधानाचार्य के पदों पर लिखित परीक्षा के आधार पर नियुक्तियां हुई, लेकिन मिलीभगत से इन पदों को उप शिक्षा अधिकारी पदों पर आसीन करवा दिया। प्रधानाचार्य का विशुद्ध पदोन्नति का पद है। स्नातक वेतन क्रम और प्रवक्ता वेतन क्रम के शिक्षकों को यह सरकार इस तरह के तुगलकी फैसलों से उनके अधिकारों से वंचित नहीं कर सकती।

आखिर क्या कारण है कि एलटी से प्रवक्ता पद पर रिक्ति के बाबजूद पांच व छरू वर्ष के अन्तराल में पदोन्नति होती है। प्रवक्ता से हैडमास्टर में भी देर से पदोन्नति होती है और वह भी ऊंट के मुह मे जीरे के समान ही है। वही हाल हेडमास्टर से प्रधानाचार्य के पदों का है। सेवा काल में पदोन्नति के लिए एक बार छूट का प्रावधान है, लेकिन सरकारें छूट नहीं देती, तो फिर किस शैक्षिक उन्नयन की बात की जाती है। शिक्षा विभाग में शिक्षकों की नियमित पदोन्नति करते तो प्रदेश के बच्चों का भी भला होता। प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती से कोई भला होने वाला नहीं। नियमित रूप से पदोन्नति न होने के पीछे विभागीय अधिकारी भी जिम्मेदार हैं। सीधी भर्ती शिक्षकों का शोषण है। जिसका शिक्षक संघ पूरी तरह से विरोध करता है। जिसके लिए आंदोलन तक किया जायेगा।



## एक नजर

# राजौरी में सुरक्षाबलों को मिला आईईडी, बम निरोधक दस्ते ने किया निष्क्रिय

जम्मू । केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों ने एक आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) का पता लगाकर उसे निष्क्रिय कर दिया। यह आईडी सेना के शिविर के पास आतंकियो ने लगाया था जिसका वजन लगभग पांच किलो था। पुलिस को एक आतंकी गतिविधि के संबंध में खुफिया सूचना मिली थी कि राजौरी गुरदान रोड पर गुरदान चावा गांव में कुछ संदिग्ध गतिविधि हुई है। इसके बाद सेना और पुलिस की टीमों ने तड़के इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस को तलाशी अभियान के दौरान सड़क के किनारे आईईडी मिला जिसके बाद बम निष्क्रिय दस्ते ने एसओपी के अनुसार इसे नष्ट करने के लिए अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने कहा, एक नियंत्रित विस्फोट से आईईडी को नष्ट कर दिया गया। आतंकियों ने शुक्रवार को घाटी में एक बीजेपी समर्थक एक सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी थी। सरपंच का नाम मंजूर अहमद बांगरू था।आतंकियों की गोली से घायल होने के बाद बांगरू को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया था जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



# बीजेपी और आरएसएस देश में नफरत को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं: राहुल गांधी

नई दिल्ली । कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को आड़े हाथों लिया। उन्होंने बीजेपी–आरएसएस पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश का हर नागरिक इसकी कीमत चुका रहा है। राहुल गांधी ने शनिवार को किए ट्वीट में लिखा, बीजेपी और आरएसएस देश में नफरत को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। यही वजह है कि उनकी नफरत की कीमत पूरे देश को चुकानी पड़ रही है। भारत की सच्ची संस्कृति साझा उत्सव, समुदाय और एकजुट रहने की है। आइए इसे संरक्षित करने का संकल्प लें। राहुल ने अपने ट्वीट के पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी का इंग्लिश में लिखा एक आर्टिकल भी ट्वीट किया जिसका शीर्षक है वायरस एक क्रोध। ऐसा पहली बार नहीं है जब जान राहुल ने आरएसएस और बीजेपी पर हमला बोला हो। इससे पहले भी कई बार राहुल आरएसएस–बीजेपी को आड़े हाथों ले चुके हैं।



# बॉलीवुड व खेल जगत की हस्तियां डूबी भगवान हनुमान की भक्ति में

मुंबई। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर बॉलीवुड व खेल जगत की हस्तियां भगवान हनुमान की भक्ति में डूबी हैं। अमिताभ बच्चन ने हनुमान की एक मूर्ति की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपीश तिहूँ लोक उजागर! राम दूत अतुलित बल धामा, अंजनी पुत्र पवन सुत नामा। वही रवीना टंडन ने भी सोशल मीडिया पर हनुमान जयंती की बधाई दी। रवीना ने हनुमान की तस्वीर के साथ पोस्ट शेयर की।



पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने भी हनुमान जयंती पर शुभकामनाएं दी। रैना ने ट्वीट किया, इस पावन दिवस पर आप सभी को हनुमानजयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान हनुमान हमें शक्ति, साहस और समृद्धि प्रदान करें पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण ने भी पोस्ट किया और लिखा, भगवान हनुमान आपके जीवन से सभी बाधाओं को दूर करें और आपको पर्याप्त शक्ति और साहस प्रदान करें। आपको हनुमान जन्मोत्सव की बहुत बहुत शुभकामनाएं, जय हनुमान।

# करण माहरा की ताजपोशी कल

विशेष संवाददाता

देहरादून। नवनियुक्त कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा कल अपना पदभार संभालने जा रहे हैं। इस अवसर पर नए प्रदेश अध्यक्ष के भव्य स्वागत की तैयारियां की गई है उनके पद ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

पदभार संभालने से पहले आज करण माहरा ने नेता विपक्ष यशपाल आर्य से उनके सरकारी आवास जाकर मुलाकात की। करण माहरा का कहना था कि पार्टी नेताओं के बीच किसी तरह की संवादहीनता नहीं रहनी चाहिए, इसलिए वह लगातार सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। उनके पदभार ग्रहण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कांग्रेस प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव भी कल 11 बजे देहरादून पहुंचने वाले हैं। यहां



●नेता विपक्ष यशपाल आर्य से मुलाकात
●पार्टी नेताओं में अब नहीं कोई नाराजगी

यह भी उल्लेखनीय है कि सोमवार को यशपाल आर्य भी नेता विपक्ष का पद भार संभालने वाले हैं। उस मौके पर भी प्रदेश प्रभारी मौजूद रहेंगे।

करण माहरा ने इस अवसर पर कहा कि पार्टी नेताओं में अब किसी तरह की कोई नाराजगी नहीं है। उनकी सभी नेताओं के साथ बात हो चुकी है उन्होंने कहा कि यह क्षणिक नाराजगी थी आपसी बातचीत से सभी मुद्दों का समाधान निकल आता है। उन्होंने कांग्रेस के एकजुट होने की बात करते हुए कहा कि हम सभी अब 2024 की तैयारियों में जुटेंगे।

उल्लेखनीय है कि करण माहरा को प्रदेश अध्यक्ष व यशपाल आर्य को नेता विपक्ष तथा भुवनचंद कापड़ी को उप नेता विपक्ष बनाए जाने के बाद कांग्रेसी विधायकों ने हाईकमान के फैसले का विरोध करना शुरू कर दिया था, जिसके कारण पार्टी में असहजता की स्थिति पैदा हो गई थी। अभी भी हालांकि गढ़वाल मंडल की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कुछ नेताओं ने विरोध जारी रखा हुआ है लेकिन विरोध के स्वर अब धीमें पड़ते जा रहे हैं।

## महिला के हत्यारोपी ने की आत्महत्या

संवाददाता



देहरादून। दो दिन पूर्व जाखन में बेड के अन्दर मिले महिला के शव के मामले में पुलिस जिसको तलाश कर रही थी उसने आत्महत्या कर ली।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसपी क्राईम विशाखा अशोक भरडे ने बताया कि 14 अप्रैल को शालीन सिंह पुत्र आनन्द सिंह निवासी ग्राम बद्रीपुर, थाना नेहरु कालोनी देहरादून ने अपने प्रतिष्ठान कपूर गैस्ट हाउस में किरायेदार रीफैन बीबी की हत्या करने सम्बन्धी मुकदमा थाना राजपुर में दर्ज कराया था एवं उनके द्वारा अवगत कराया गया था कि रीफैन बीबी अपने पति अजरुल लश्कर पुत्र जहूर अली निवासी भंगौनखाली थाना बसंती जिला चौबीस परगना पश्चिमी बंगाल के साथ रहती थी । रीफैन बीबी की हत्या के बाद से ही उनका पति लगातार लापता चल रहा था। मामले की जांच के दौरान प्रकाश में आया कि अजरुल लश्कर, रिफैन बीबी का पति न होकर प्रेमी था। रिफैन बीबी के पति का नाम राजीबुर शेख है एवं मृतका रिफैन बीबी, केशिया मठपारा कटवा जनपद वर्धमान पश्चिम बंगाल की निवासी थी एवं दिल्ली में अपने घर में ब्यूटीपार्लर का काम करती थी। जांच के दौरान गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर रिफैन बीबी उम्र 30 वर्ष की हत्या उनके प्रेमी अजरुल लश्कर उपरोक्त द्वारा किया जाना प्रकाश में आया। अजरुल लश्कर पुत्र जहूर अली निवासी भंगौनखाली थाना बसंती जिला चौबीस परगना पश्चिम बंगाल के बारे में उसके स्थानीय थाने बसंती से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की गयी तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि अजरुल लश्कर पुत्र जहूर अली निवासी भंगौन खाली थाना बसंती जिला चौबीस परगना पश्चिम बंगाल द्वारा मृतका की हत्या कर अपने गांव भंगौनखाली जाने के बाद तीन अप्रैल को अजरुल लश्कर द्वारा आत्महत्या कर ली गयी है।

# विधायक ने चम्बा-मसूरी फल पट्टी का दौरा कर अधिकारियों को दिये निर्देश



संवाददाता

देहरादून। विधायक किशोर उपाध्याय ने चम्बा मसूरी फल पट्टी का दौरा कर अधिकारियों को शीघ्र क्षतिपूर्ति देने के आदेश दिये।

आज यहां विधायक किशोर उपाध्याय ने चम्बा मसूरी फल पटटी का दौरा किया। यहां पर 13 अप्रैल को भारी ओला वृष्टि के कारण नकदी फसलों व बागवानी कर रहे किसानों को भारी क्षति हुई है। चम्बा–मसूरी फल पट्टी पूरे देश व विदेश में नकदी फसलों व फल उत्पादन के लिये विख्यात है। पानी की कमी के बावजूद यहाँ का काश्तकार ओर्गानिक उत्पादों में अच्छा काम कर रहे हैं और इस क्षेत्र की ख्याति बढ़ा रहे हैं। उपाध्याय ने सम्बन्धित अधिकारियों को यथाशीघ्र काश्तकारों की क्षति का आकलन कर क्षति पूर्ति प्रदान करने के निर्देश दिये हैं। उपाध्याय ने कहा कि क्षति पूर्ति हेतु नये मानकों का निर्धारण समय की आवश्यकता है। सरकारी एजेंसी के साथ–साथ काश्तकार भी अपनी क्षतिपूर्ति का आकलन करें और दोनों आकलनों में सामंजस्य बनाकर क्षतिपूर्ति का निर्धारण किया जाना चाहिये।

## बदमाशों ने अंग्रेजी शराब की दूकान में की तोड़फोड़, लूटे छह लाख

हमारे संवाददाता

नैनीताल। लालकुंआ क्षेत्र में बदमाशों द्वारा देर रात अंग्रेजी शराब की दुकान में जमकर तोड़फोड़ करते हुए लाखों रूपये की लूटपाट की गयी और फरार हो गये। हालांकि मामला आपसी लेन देन का बताया जा रहा है। लेकिन सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पड़ताल शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार बीती रात हल्दूचौड़ स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके पर कार सवार कुछ बदमाश पहुंचे और उन्होने वहां पहुंचते ही सेल्समैनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि सेल्समैनों के वहां से भागने के बाद बदमाशों ने वहां तोड़फोड़ करते हुए तकरीबन छह लाख रूपये लूट लिये गये। बदमाशों के जाने के बाद सेल्समैनों द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी और कुछ लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवा दिया गया। हालांकि मामला आपसी लेन देन का बताया जा रहा है लेकिन पुलिस जांच में जुटी हुई है।


आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*